पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राजभवन में त्रिदिवसीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन

राजभवन में क्रिकेट एवं वालीबाल खेल प्रतियोगिता

राजभवन उत्तर प्रदेश एवं राजभवन मध्य प्रदेश के बीच खेल प्रतियोगिता

लखनऊः 20 मार्च, 2021

राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से राजभवन परिसर में राजभवन उत्तर प्रदेश तथा राजभवन मध्य प्रदेश के बीच 19 से 21 मार्च, 2021 तक चल रही त्रिदिवसीय अन्तर्राज्यीय खेल प्रतियोगिता के दूसरे दिन क्रिकेट मैच एवं वालीबाल मैच खेला गया। प्रथम पाली में 8 बजे से क्रिकेट मैच राजभवन उत्तर प्रदेश तथा राजभवन मध्य प्रदेश के बीच खेल का शुभारम्भ राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल द्वारा दोनों टीमों से परिचय प्राप्त करने के पश्चात शुरू हुआ। दोनों टीमों के मध्य कुल 12–12 ओवर का मैच हुआ। राजभवन उत्तर प्रदेश के कैप्टन अशोक देसाई ने टास जीता और फिल्डिंग करने का निर्णय लिया। राजभवन मध्य प्रदेश की टीम ने बैटिंग करते हुए 12 ओवर में 10 विकेट पर 53 रन बनाएं और राजभवन उत्तर प्रदेश को जीत के लिए 54 रन का लक्ष्य दिया। मध्य प्रदेश की और से फराज खान ने 2 छक्के और एक चौका लगाकर अपनी टीम के लिए सर्वाधिक 18 रन बनाए। जवाब में राजभवन उत्तर प्रदेश की टीम ने 8वें ओवर की समाप्ति पर 54 रन बनाकर विजय श्री प्राप्ति की। कैप्टन अशोक देसाइ ने ओपनिंग में आकर सर्वाधिक 20 रन बनाकर नाबाद रहते हुए अपनी टीम को विजय श्री दिलायी। राजभवन उत्तर प्रदेश की तरफ से अरविंद यादव ने सर्वाधिक 4 विकेट लिये। क्रिकेट टीम राजभवन उत्तर प्रदेश की ओर से अशोक देसाई, सचिन राय, अरविन्द यादव, प्रभाकर पाण्डेय, असीम बरूआ, संजय कुमार, अश्विनी, धर्मेन्द्र सिंह, देवांश, मनीष, वरूण और त्रिलोक सिंह नेगी ने भाग लिया जबकि राजभवन मध्य प्रदेश की और से

टीम के कप्तान दीपक सेंगर, हरि ओम शुक्ला, राम बाबू, अजय शर्मा, फराज खान, राजकुमार चौरसिया, महेन्द्र, मनीष साहू, प्रदीप भार्गव, सानू खान, प्रताप बारिया एवं महेश धुर्वे ने भाग लिया। खेल की कमेंट्री जमाल सिद्दीकी ने की।

इसके साथ ही द्वितीय पाली में वालीबाल प्रतियोगिता में राजभवन उत्तर प्रदेश तथा राजभवन मध्य प्रदेश के बीच रोमांचक मैच खेला गया। दोनों टीमों के बीच हुये मुकाबले में राजभवन उत्तर प्रदेश ने विजय प्राप्त की।

इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव राज्यपाल श्री महेश कुमार गुप्ता, ओ0एस0डी0 शिक्षा श्री पंकज जॉनी सहित राजभवन के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण तथा दर्शक उपस्थित थे।

राम मनोहर त्रिपाठी राजभवन (183/28)